# एक नजर

## पुरानी बात को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष

इंदौर। लाकडाउन के बाद चाकूबाजी व विवाद की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित पंचम की फेल में मंगलवार को भी दो पक्षों में आपस में विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई और दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से वार किए। इसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस तक मामला पहुंचा तो जांच के बाद दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पंचम की फेल निवासी रजत पुत्र जितन्द्र गोमे ने आरोपित टीपू उर्फ कैलाश श्रीवास निवासी गोटू महाराज की चाल के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि आरोपित मंगलवार को मोहल्ले में आए और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान आरोपित ने चाकू निकाला और वार कर दिया। चाकू लगते ही खून निकलने लगा। आरोपित ने वहां से जाते हुए कहा कि वह उसे जान से खत्म कर देगा। वहीं दूसरे पक्ष से टीपू उर्फ कैलाश ने पुलिस को शिकायत करते हुए कहा कि आरोपित रजत, समीर मराठा, गोलू पुत्र रमेश तीनों आए और पुरानी बात पर गालियां देने लगे। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। सभी ने जमकर पीटा, तभी रजत ने चाकू निकाला और उस पर वार कर दिया। वार करने के दौरान टीपू ने चाकू पकड़ लिया, जिससे उसके हाथ में चोट लगी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद सभी आरोपितों को हिरासत में लिया है।

## अनजान नंबर से फोन किया, मैसेज में गालियां और धमकी

**इंदौर।** आशीर्वाद विला निपानिया में रहने वाले 35 वर्षीय वकील निलय पिता प्रकाश वर्मा ने लसूड़िया थाने में अनजान नंबर के खिलाफ धमकी व गालियां देने के मामले में केस दर्ज कराया है। निलय ने बताया कि उनके नंबर पर कई दिनों से गालियों भरे मैसेज आ रहे थे। मैसेज कम देखते हैं इसलिए इतने दिनों से ध्यान नहीं दिया। मैसेज का रिप्लाइ नहीं दिया तो अनजान नंबर से फोन भी आया। मैसेज में मारपीट की धमकी भी दी गई थी। कालर आइडी पर फोन करने का नाम हितेश कंवर आ रहा है, पुलिस को यह नाम बता भी दिया है। करीब एक साल पहले भी इसी तरह से अनजान नंबर से फोन व मैसेज आते थे, फोन लगाओ तो कोई उठाता नहीं थी। तभी भी कोई कुंवर नाम व्यक्ति फोन और मैसेज करता था। इस बार मजबूर होकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस नंबर के आधार पर आरोपित की तलाश कर रही है।

## थैरेपी सेंटर की आपरेटर से दुष्कर्म

**इंदौर।** एक थैरेपी सेंटरी की कम्प्यूटर आपरेटर से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हिंदूवादियों के विरोध के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ लव जेहाद, दुष्कर्म का केस दर्ज कर एजाज नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने धर्म व नाम छुपाकर संबंध बनाए थे। विजय नगर थाना पुलिस के मुताबिक महिला शादीशुदा है और एक थैरेपी सेंटर में कम्प्यूटर आपरेटर की नौकरी करती है। मंगलवार रात वह हिंदूवादियों के साथ थाने आई और एजाज खान उर्फ अज्जू के खिलाफ केस दर्ज करवाया। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में एजाज से विजय नगर क्षेत्र में मुलाकात हुई थी। आरोपित ने उस वक्त बताया उसका नाम अज्जू है। उसने तिलक भी लगा रखा था। इसके बाद आरोपित सेंटर के अन्य कर्मचारियों के साथ होटल सूर्या में हुई मीटिंग में मिला और एक-दूसरे के मोबाइल नंबर शेयर कर लिए। दोनों की दोस्ती हो गई और महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। आरोपित ने शादी नहीं की तो शक बढ़ा तब पता चला अज्जू का असली नाम एजाज है। देर रात महिला पति व हिंदूवादियों के साथ थाने पहुंची और एजाज के खिलाफ केस दर्ज करवाया। देर रात पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर चिकित्सक नगर से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपित मूलतः रतलाम का रहने वाला है ।

# लॉकडाउन में काम छूटा तो छापने लगा नकली नोट

### घर पर ही लैपटाप व प्रिंटर के माध्यम से छापता था नोट, ढाई लाख के नकली नोट बरामद



नगर प्रतिनिधि

**इंदौर।** फाइट क्लब में काम करने वाले युवक की काम लॉकडाउन के कारण छूट गया तो उसने यू ट्यूब पर नोट छापने की जानकारी एकत्र कर नोट छापने की सामग्री लेकर आया और किराए के कमरे में नकली नोट छापना शुर कर दिया और हजारों नकली नोट वह सब्जी मंडी में चला चुका है। आरोपी केवल 12 वीं तक ही पढ़ा है।

डीआईजी मनीष कपूरिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच इंदौर की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ती नकली नोट छाप कर छापे हुए नकली नोटों के बंडल (गड्डी) को अपने पास रखे होने व उनको मार्केट ,सब्जीमंडी में खपाने जा रहा है मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर उक्त सन्देही को पकडकर कब्जे मे लिया गया। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है।

### अधिकांश नोटों पर एक ही नंबर

संदेही हिकमत अमली से पुनः पूछताछ कर पूरा नाम पता पूछा पूछने पर अपना पूरा नाम राजरतन पिता अनिल तायडे उम्र 25 साल निवासी लियाकत अली का किराए का मकान,अखिल राज हास्पीटल के सामने, हक मस्जिद की गली, थाना आजाद नगर जिला इन्दौर होना बताया एवं संदेही राजरतन की जामा तलाशी ली गई उसके पास से एक मोबाईल हैण्सेट एवं बाद एक काले रंग के बेग की तलाशी लेते कुल 2,53,100/- रूपए के मिले। उक्त सभी नोटों को सूक्ष्मता से देखने पर नकली नोटों जैसे प्रतीत होने पर नोट को मार्का व प्रिंट व क्वालिटी व नोटो के नंबर को देखने पर अधिकतर नोट एक ही नंबर व अक्षर के पाए गए जो प्रथम द्दष्टया नकली नोट होना पाया गया ।

### किराए के मकाने को बनया नोट प्रेस

आरोपी रामरतन से पुछताछ मेमोरण्डम के आधार पर आजाद नगर अपने किराये के मकान पर अपने कमरें में लैपटोप ,प्रिन्टर व ए-4 साईज का हाई क्वालटी का पेपर की मदद से 100 पुराना नोट,500,2000 के नये नोट नोटों की कापी व स्कैन कर अगे-पीछे रंगीन प्रिन्ट लेकर ग्लास कटर व स्कैल की मदद से हबहु काटता था जो आरोपी की निशानदेही पर घर पर ही लैपटाप व प्रिंटर ,नोट छापने में उपयोग किये ए-4 साईस के कागज 100,500,2000 के मार्का में उपयोग किये असली 03-03 नोट एवं कागजो पर छपे 100,500,2000 रु. एवं साथ ही नकली नोट को काटने में उपयोग में लाये ग्लास,कटर व स्केल जप्त किये गये। आरोपी पिछले 1 माह से नोट बनाने का काम कर रहा था । आरोपी के द्वारा अब तक सीमावर्ती गांवो एवं सब्जीमंडी में विगत एक माह से करीब 10 से 20 हजार रुपये से ऊपर 100-100 के नोटों का खपना बताया ।

### कक्षा 12 तक पढा लिखा है आरोपी

आरोपी कक्षा 12 तक पढा लिखा है और केसर बाग रोड़ फाइटिं क्लब में ट्रेनर का काम करता है। लॉकडाउन में काम छुट गया था जिस कारण अपने लैपटाप पर यूटूब चैनल पर रुपये प्रिंट करने की जानकारी एवं नकली नोट की न्यूज देखकर लगने पर हाईक्वालिटी का प्रिंटर खरीदा और असली नोटों को कागज पर चिपका हुआ मार्क तैयार कर प्रिंट लेने लगा । जिसमें 100 के पुराने नोटो को खपाने में आसानी रहती थी मजदूर वर्ग ,गांव वालो एवं हाथ टेला आदि से खरीदी करने में 100 रुपये का उपयोग करता था । आरोपी से संबंधित अन्य व्यक्तियों व और नकली नोटों के संबंध में पुछताछ की जा रही है ।



# स्टेट बार कौंसिल का प्रतिनिधि मंडल न्यायमूर्ति से मिला

**इंदौर।** मप्र स्टेट बार कौंसिल का प्रतिनिधि मंडल मुख्य न्यायमूर्ति म प्र श्री मो. रफीक से मुलाकात कर अपनी मुख्य मांगो के सम्बंध में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि डेजिगनेटेड सीनियर्स की नियुक्ति, जिला न्यायालय सहित उच्च न्यायालयों में न्यायधीशों /न्यायमूर्तिगण की निर्धारित संख्या में कमी की पूर्ति. महिला अभिभाषको /अल्पसंख्यक वर्ग सहित अनुसूचित जाति जनजातियों के योग्य अधिवक्ताओं की उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पद पर नियुक्ति सम्बन्ध के अलावा विशेषकर ,उच्च न्यायालय प्रांगण में नवीन चेम्बरो के निर्माण सहित अभिभाषक वर्ग के हितार्थ कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल से चर्चा पश्चात मुख्य न्यायमूर्ति ने सभी मुद्दों पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। स्टेट बार कौंसिल के प्रतिनिधि सदस्यो ने मप्र के मुख्य न्यायमूर्ति श्री मो.रफीक के प्रथम नगर आगमन पर शाल श्रीफल से सम्मनित कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के स्टेट बार कौंसिल के सदस्य नरेंद्र कुमार जैन, जय हार्डिया एवं प्रताप मेहता सहित इंदौर अभिभाषक संघ के पूर्व सचिव सौरभ मिश्रा एवं आसिफ वारसी अधिवक्ता उपस्थित थे।

# घर में घुसकर हमला, युवक की मौत, तीन आरोपी धराए

### रंजिश के चलते दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ की थी मारपीट

इंदौर। रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसके चलते पहले एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट की। इसी का बदला लेने के दूसरे पक्ष ने भी घर में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक चाकू लगने से बुरी तरह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्त में लिया है।

मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सोनी को फरियादी रेखाबाई ने बताया- सोमवार रात एक बजे अभय पटेल, मनीष पासी, शुभम करारे मेरे घर पहुंचे और वहां किसी बात पर उनमें विवाद हुआ। इस पर अंकित ताती, कालू उर्फ गौरव, सोंटी उर्फ प्रतीक, बसंत शर्मा, आकाश बगरेले और सागर ने मारपीट की। मारपीट में राज को चाकू लगने से गंभीर चोट आई। उसे इलाज हेतु एमवाय भेजा गया था, जहां मंगलवार देर रात राज की मौत हो गई।

झगड़े का मुख्य कारण 2 जून की घटना है। इस दिन मनीष पासी, विजय पटेल, अभय पटेल, छोटू व अन्य की रेखाबाई ने शिकायत की थी, जिसमें अपने बेटे राज को पाइप मारने की बात कही गई थी। इसी बात से छोटू नाराज था। उसने अपने साथियों को घटना बताई थी। साथियों ने बदले की नीयत से रेखाबाई के बेटे से मारपीट की।

## कमलनाथजी के शीघ्र स्वस्थ होने की रणजीत हनुमानजी से प्रार्थना

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के अस्वस्थ होने पर फीवर के चलते मेदांता अस्पताल गुड़गांव में भर्ती होने पर इंदौर शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने हनुमानजी।के भक्त कमलनाथ जी के लिए प्रसिद्ध रणजीत हनुमानजी के मंदिर जाकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना कर प्रार्थना की।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम इदरीस खरगोन वाला पिता नजमुद्दीन था जिसे बदलकर मैने अपना नाम इदरीस अली पिता नजमुद्दीन रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम इदरीस अली पिता नजमुद्दीन से जाना व पहचाना जाए।

इदरीस अली पिता नजमुद्दीन
29 टैगोर पार्क कालोनी
प्रेसिडेंट होटल के पास खरगोन (म.प्र.)
मोबाइल नम्बर 9713721432

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किशोर नगर खंडवा में श्रीमती कृष्णा मिश्रा पति स्व. रविनारायण मिश्रा को भवन क्रमांक आईएस-29 पूर्ण मूल्य भुगतान पर आवंटित है। आवंटी की मृत्यु 28.07.2020 को हो जाने से इनके परिवार में इनके पुत्र शरद पिता स्व. रविनारायण मिश्रा द्वारा अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा, शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। मूल आवंटी की मृत्यु हो जाने से आवंटित भवन उनके पुत्र के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, परिवार के सदस्य आदि को कोई आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण के विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रूप में पेश करें। इस अवधि पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा भवन नामांतरण की आगामी कार्यवाही की जावेगी।

संपत्ति अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खंडवा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/ स्टोर शाखा /2020-21/2086 — शाजापुर, दिनांक– 08.06.2021

### ई–निविदा आमंत्रण– सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है नगर पालिका परिषद शाजापुर मे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। आनलॉईन निविदा फार्म क्रय करने हेतु दिनांक 08/06/2021 समय 11.30 से दिनांक 08/07/2021 समय 17.30 तक उपलब्ध रहेंगे एवं निविदा फार्म अनुसार समस्त दस्तावेज स्पष्ट कापी मे व वित्तिय बीड आनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08/07/2021 समय 17.30 तक रहेगी। विस्तृत निविदा सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में होने वाले संशोधन आदि उक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेगे, पृथक से सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी, कृपया सर्वसंबंधित अवगत हो निविदा का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र | ऑन लाईन टेण्डर क्र. | कार्य एवं स्थान विवरण | अवधि | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021_UAD_145807_1 | डोर टू डोर कचरा (मैजिक) वाहन संचालन एवं संधारण वाहन चालक व सहायक सहीत निविदा प्रपत्र अनुसार कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रण | 31 मार्च 2023 तक | 80 लाख | 60000 | 10000 |

भूपेन्द्र कुमार दिक्षित
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

दिनेश जैन (IAS)
प्रशासक नगर पालिका शाजापुर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर


# जीजा ने साले को पीटा

इंदौर। निरंजनपुर बस्ती में रहने वाले मनिंदर पिता कृपालसिंह ने अपने जीजा निवासी ग्राम रेवटी सतपाल सिंह के खिलाफ मारपीट की शिकायत लसूड़िया थाने में की है। मनिंदर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर में घर आए और पूछने लगे कि तुम्हारी बहन कहां है। मनिंदर ने कहा कि उसे बहन का पता नहीं है। इस बात पर आरोपित जीता फरियादी को गालियां देने लगा। विरोध किया तो मारपीट करने लगा। इसके बाद जाते हुए कहा कि यदि बहन का पता नहीं बताया तो सभी को जान से खत्म कर दूंगा। मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है। आरोपित फराह है उसकी तलाश की जा रही है।

# हाईकोर्ट में ई –सेवा केन्द्र का उद्घाटन



**इंदौर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय , खण्डपीठ इंदौर परिसर में ई - सेवा केन्द्र का उद्घाटन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मोहम्मद रफीक द्वारा किया गया । इस अवसर पर माननीय प्रशासनिक न्यायाधिपति सुजय पॉल ,न्यायाधिपति रोहित आर्या , न्यायाधिपति विवेक रूसिया , न्यायाधिपति सुबोध अभ्यंकर , न्यायाधिपति शैलेन्द्र शुक्ला , रजिस्ट्रार जनरल आर.के. वाणी , प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनिल वर्मा , ओ.एस.डी. / रजिस्ट्रार एम.के. शर्मा , वरिष्ठ प्रमुख प्रणाली विश्लेषक ( एन.सी.टी. ) जितेन्द्र भदकारे , रजिस्ट्रार ( एम ) श्री आनन्द व्ही . मण्डलोई , एम.पी. हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर की तदर्थ समिति के संयोजक वीर कुमार जैन एवं अन्य , वरिष्ठ अधिवक्तागण , अधिवक्तागण व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । इस ई - सेवा केन्द्र के माध्यम से अधिवक्तागण , पक्षकारगण आदि द्वारा निम्नलिखित ऑनलाईन ई - सेवाओं का लाभ लिया जा सकेगा : 1. प्रकरण की स्थिति , सुनवाई की अगली तिथि एवं अन्य विवरण के संबंध में पूछताछ का संचालन करना । प्रमाणित प्रतियों एवं ऐसी अन्य फाईलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन को सुगम बनाना । सॉफ्टवेयर के माध्यम से याचिकाओं की ई - फाईलिंग को सुगम बनाना । ई - स्टाम्प पेपर / ई - भुगतान / ई - न्यायालय शुल्क की ऑनलाईन क्रय में सहायता करना । एंड्राइड एवं ्डर ( आई.ओ.एस ) ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए ई - कोर्ट के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रचार एवं सहायता करना । जेल में बंद संबंधियों से भेंट के लिए ई - मुलाकात ह्व अपॉइन्टमेंट बुक करने को सुगम बनाना । किसी विशेष न्यायालय के स्थान , उसकी कॉज लिस्ट एवं मामले को सुनवाई के लिए लिया गया है या नहीं के संबंध में प्रश्नों का संचालन करना । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति से निशुल्क विधिक सेवा का लाभ उठाने के लिए लोगों का मार्गदर्शन करना । वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई की व्यवस्था एवं आयोजन करने की पद्धति की व्याख्या करना । ई - मेल , व्हाट्सएप अथवा किसी अन्य उपलब्ध साधन के माध्यम से न्यायिक आदेशों / निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी प्रदान करना । ई - कोर्ट परियोजना के अंतर्गत डिजिटली उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अन्य सभी प्रश्न एवं सहायता । उपरोक्त सेवाओं का लाभ इस ई - सेवा केन्द्र के माध्यम से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकेगा ।


## डी. पी. आभूषण लिमिटेड

DP

**CIN: एल 74999 एम पी 2017 पी एल सी 043234**
रजि. ऑफिस : 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) – 457001, भारत
फोनः+91–7412–490966, 408900, 408900; E-mail: cs@dpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

**मुख्य बिंदु**

| विवरण | 31-03-2021 को समाप्त तिमाही के लिए (Q4 FY21 vs Q4 FY20) | 31-03-2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के (FY21 vs FY20) |
|---|---|---|
| आय में वृद्धि | 152% | 51% |
| ई बी आई डी टी ए में वृद्धि | 49% | 48% |
| पी बी टी में वृद्धि | 46% | 65% |
| पी ए टी में वृद्धि | 46% | 64% |

**31-03-2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष एवं तिमाही के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

आंकड़े लाख में (प्रति अंश आय को छोड़कर)

| विवरण | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-03-2021 अंकेक्षित | 31-12-2020 अनअंकेक्षित | 31-03-2020 अंकेक्षित | 31-03-2021 अंकेक्षित | 31-03-2020 अंकेक्षित |
| व्यापर से कुल आय | 59,024.54 | 41,429.48 | 23,395.18 | 1,21,828.36 | 80,905.93 |
| शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं से पहले ) | 1,100.06 | 1,175.17 | 751.78 | 3,663.53 | 2,224.20 |
| शुद्ध लाभ, (कर से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 1,100.06 | 1,175.17 | 751.78 | 3,663.53 | 2,224.20 |
| शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 827.85 | 872.36 | 566.07 | 2,740.19 | 1,667.67 |
| कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 827.85 | 872.36 | 566.07 | 2,740.19 | 1,667.67 |
| सामान्य अंश पूंजी (प्रति अंश ₹ 10 /-) | 2,225.49 | 2,225.49 | 2,225.49 | 2,225.49 | 2,225.49 |
| संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तलपट के अनुसार पुनर्मुल्यांकित संचय को छोड़कर ) | | | | 7,482.45 | 4,746.14 |
| प्रति अंश आय (जारी और बंद किये गए व्यापर के लिए ) | | | | | |
| मूल : (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये ) | 3.72 | 3.92 | 2.54 | 12.31 | 7.49 |
| मिश्रित : (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये ) | 3.72 | 3.92 | 2.54 | 12.31 | 7.49 |

**टिप्पणियाँ: (1)** उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूचि निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। 31–03–2021 को समाप्त तिमाही एवं संपूर्ण वित्तीय वर्ष वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध हैं। (2) उपरोक्त वित्तीय परिणाम , कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक (इंड ऐ एस ), भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांत और सेबी द्वारा समय–समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों सहित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (संशोधित) के विनियम 33 के अनुसार (जहा तक लागु हो ) तैयार किए गए हैं । (3) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गयी है और 09 जून 2021 को आयोजित निर्देशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किये गए है । एवं उपरोक्त वित्तीय परिणाम सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा अंकेक्षित किये गए है। **(4)** वर्ष के दौरान, कंपनी ने ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर आभूषण बेचने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को शामिल किया है, जो अभी चालू होना बाकी है। **(5)** पिछली वित्तीय अवधि के आँकड़ों को जहाँ आवश्यक समझा गया, पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है। **(6)** मानक अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की अतिरिक्त जानकारी निम्नानुसार है ।

| विवरण | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-03- 2021 अंकेक्षित | 31-12- 2020 अनअंकेक्षित | 31 -03-2020 अंकेक्षित | 31-03-2021 अंकेक्षित | 31-03-2020 अंकेक्षित |
| शुद्ध बिक्री / संचालन से आय | 59,024.54 | 41,429.48 | 23,395.18 | 1,21,828.36 | 80,905.93 |
| लाभ (कर के पहले) | 1,106.08 | 1,175.17 | 751.78 | 3,669.55 | 2,224.20 |
| लाभ (कर के बाद) | 833.87 | 872.36 | 566.07 | 2,746.21 | 1,667.67 |

**तारीख** : जून 9, 2021
**स्थान** : रतलाम

डी. पी. आभूषण लिमिटेड
- एस डी
विकास कटारिया, (प्रबंध निर्देशक), DIN 02855136